दैनिक जागरण 12/03/2024

250 विद्यार्थियों का बीस कंपनियों के प्रतिनिधियों ने लिया इंटरव्यू

जासं, अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज में सोमवार को रोजगार मेले का आयोजन प्लेसमेंट सेल द्वारा किया। इस दौरान 250 विद्यार्थियों का बीस कंपनियों के प्रतिनिधियों ने इंटरव्यू लिया। कालेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि यह पहल विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता वाले रोजगार के दरवाजे खोलने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस रोजगार मेले में 20 से अधिक कंपनियों ने शिरकत की। यह रोजगार मेला न केवल नौकरी के लिए एक मौका है बल्कि यह विद्यार्थियों के करियर की दिशा में एक नई शुरुआत है। इस रोजगार मेले के माध्यम से विद्यार्थी अपने उच्चतम पोटेंशियल को प्राप्त कर स्वावलंबी बन सकेंगे। प्लेसमेंट सेल की इंचार्ज डा. अनुपमा सिहाग ने बताया कि रोजगार मेले में भाग लेने के लिए 250 विद्यार्थियों ने पहले से ही पंजीकरण करवाया है। कालेज द्वारा विद्यार्थियों की प्लेसमेंट हेतु समय-समय पर रिज्यूमे राइटिंग, इंटरव्यू स्किल्स और फार्मल ड्रेसिंग सेंस जैसे विषयो पर सेमिनार और वर्कशाप का आयोजन करवाया जाता रहा है। इस अवसर पर डा. रवनीत कौर, डा. नियति, श्याम रहेजा आदि मौजूद रहे।